समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला! ELI योजना को मंजूरी, दो साल मे मिलेगी 3.5 करोड़ से ज्यादा नौकरियां।

Publisher Published on 01 Jul 2025



## सरकार का लक्ष्य रोजगार सृजन को गति देना, ELI योजना से युवाओं को मिलेगा स्थायी और संरक्षित रोजगार।

**ELI योजना :** केंद्र की मोदी सरकार ने '**एम्प्लॉयमेटं लिंक्ड इंसेटिंव (ELI) योजना**' को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य है दो वर्षों के भीतर **3.5 करोड़ से अधिक रोजगार** के अवसर पैदा करना। यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है जब देश में युवा वर्ग बड़ी संख्या में नौकरी की तलाश में है और **प्राइवेट सेक्टर** में रोजगार की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

**क्या है ELI योजना?**
**ELI (Employment Linked Incentive)** योजना एक **प्रोत्साहन आधारित रोजगार सृजन योजना** है, जिसके तहत सरकार **निजी** और **सार्वजनिक क्षेत्रों** को प्रोत्साहन **सब्सिडी** देगी ताकि वे अधिक संख्या में लोगों को नौकरियां दे सकें।

इस योजना के माध्यम से **केंद्रं सरकार देशभर** में रोजगार की **गुणवत्ता** और **सुरक्षा** को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इसका लक्ष्य न केवल नए रोजगार पैदा करना है, बल्कि **सामाजिक सुरक्षा** को भी मजबूत करना है।

किन सेक्टरों को होगा फायदा?
१. **मैन्युफैक्चरिंग**
२. **टेक्सटाइल और गारमेट्ंस**
३. **इलेक्ट्रॉनिक्स**

४. **फार्मा और हेल्थकेयर**
५. **आईटी और स्टार्टअप्स**
६. **MSME और सेवा क्षेत्र**

इन सभी क्षेत्रों में कंपनियों को सरकार की ओर से **आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा,** जिससे वे नई भर्ती कर सकेंगी।

**सरकार का क्या है लक्ष्य ?**
१. **2 वर्षों मे 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों का सृजन**
२. **औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना**
३. **ईएसआई और पीएफ जैसे सामाजिक सुरक्षा कवर से जोड़ना**
४. **ग्रामीण और शहरी – दोनों क्षेत्रों मे रोजगार का विस्तार**

**देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया बल**
सरकार को उम्मीद है कि **ELI योजना** से न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि इससे मजदूरी में **स्थायित्व, उपभोक्ता मांग** और **आर्थिक विकास** को भी बल मिलेगा। योजना का फोकस उन क्षेत्रों पर रहेगा जहां तेजी से स्किल वाले जॉब्स बढ़ाए जा सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.